विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर औषधीय तथा फलदार पौधा रोपण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी ने विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय तथा पशुधन प्रक्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर औषधीय तथा फल के पौधे जिसमें आम, अशोक सप्तपर्णी तथा पुत्री जीवा लगाए तथा कार्यक्रम में उपस्थित मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं तथा पशुपालन के इंटर्नशिप छात्र–छात्राओं को वातावरण को संतुलित रखने,

जलवायु परिवर्तन को रोकने तथा केवल एक धरा के महत्व को बताया और समस्त छात्र–छात्राओं को आज लगाए गए पौधे तथा अन्य पेड़ पौधे जो प्रांगण में है उनकी अच्छी देखभाल करने को कहा साथ ही कहा कि हर एक छात्र को कम से कम एक पेड़ की जिम्मेदारी लेना चाहिए जिससे हम संपूर्ण धरा को सवारने में, संजोने में अपना छोटा सा योगदान दे सकें और पृथ्वी के बढ़ते तापमान के दुष्परिणामों को कम करने में सहायक हो जिससे जीवो को भी संरक्षित किया जा सके। कार्यक्रम में अधिष्ठाता संकाय डॉ. एम.के. मेहता, कुलसचिव डॉ. एस.के. जोशी, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. जी. पी. लखानी, अधिष्ठाता, मत्स्य

विज्ञान महाविद्यालय, डॉ. ए.पी. सिंह, प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. एस.एस. कारमोरे एवं डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. पी.के. सिंग, डॉ. सेहर, डॉ. माधुरी शर्मा डॉ. प्रीति मिश्रा, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के टीचिंग एसोसिएट, छात्र–छात्राएं तथा प्रक्षेत्र के कर्मचारी गण उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ कारमोरे, डॉ. अजीत सिंह डॉ. सोना दुबे तथा डॉ. शिवांगी शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर